उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024461
Website:www.upsmfac.org   Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–1490/25   दिनांक 07.02.25

<u>अति आवश्यक/अति महत्वपूर्ण</u>

सेवा में,

प्रबन्धक/प्रधानाचार्य,
समस्त नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र,
(शासकीय व निजी क्षेत्र)
उत्तर प्रदेश।

विषय–प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा मान्यता प्राप्त कुल सीटों की संख्या के सापेक्ष अधिक संख्या में छात्र/छात्राओं को सत्यापित/अग्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में सूचित करना है कि संज्ञान में आया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत कतिपय प्रशिक्षण केन्द्रों में संचालित विभिन्न प्रशिक्षणों में उनके द्वारा वर्तमान सत्र में मान्यता प्राप्त कुल सीटों की संख्या के सापेक्ष अधिक छात्र/छात्राओं को सत्यापित/अग्रेषित किया गया है, जोकि समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के विरूद्ध है।

अतः उक्त सभी छात्र/छात्राओं को इस कार्यालय स्तर से सत्यापित/अग्रेषित किया जाना सम्भव नहीं होगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि यदि आपके द्वारा कुल सीटों की संख्या के सापेक्ष अधिक सत्यापित/अग्रेषित छात्र/छात्राओं को अग्रेषित किया गया है तो प्रशिक्षणवार अग्रसारित योग्य **छात्र/छात्राओं की सूची तत्काल** इस कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें। जिससे कि समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुपालन में सही छात्र/छात्राओं को इस कार्यालय द्वारा सत्यापित/अग्रेषित किया जा सके।

उक्त के अभाव में उपरोक्तानुसार पाठ्यक्रमों के सभी छात्र/छात्राओं को अग्रसारित किया जाना सम्भव नहीं होगा एवं जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित प्रशिक्षण केन्द्र का होगा।

भवदीय,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।